भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **+2388**
सोमवार, **08** जुलाई, 2019/**17** आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

नदी-पर्यटन का विकास

+**2388.** श्रीमती क्वीन ओझाः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश भर में नदी पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्रह्मपुत्र नदी को एक विश्व स्तरीय आदर्श/बेंचमार्क परियोजना के रूप में विकसित किया जा सकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग) : इन्लैंड वॉटरवेज़ अथॅरिटी ऑफ इंडिया (आईडब्ल्यूएआई) नौवहन तथा पोत परिवहन हेतु सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास एवं विनियमन करती है। आईडब्ल्यूएआई की सूचना के अनुसार पिछले कुछ वर्षों से रिवर क्रूज/पर्यटन राष्ट्रीय जलमार्ग (एनडब्ल्यू)-2 (ब्रह्मपुत्र नदी) की नियमित विशेषता रहा है। एनडब्ल्यू-2 पर अनेक निजी कम्पनियाँ क्रूज वैसल्स चला रही हैं। अक्टूबर से मार्च तक शीतकालीन माहों के दौरान अनेक वैसल्स विदेशी तथा घरेलू पर्यटकों को असम में काजीरंगा तथा धुवरी के बीच लाते ले जाते हैं।

इसके अतिरिक्त भारत तथा बंग्लादेश ने दिनांक 25.10.2018 को भारत तथा बंग्लादेश के बीच तटवर्ती एवं प्रोटोकॉल मार्गों पर यात्री एवं क्रूज सेवाओं संबंधी एमओयू के बारे में मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर हस्ताक्षर किए है जो गंगा नदी (एनडब्ल्यू-1) को बंग्लादेश के जरिए ब्रह्मपुत्र नदी (एनडब्ल्यू-2) से जोड़ते हैं। दिनांक 29.04.2019 को एक क्रूज वैसल ने भारत-बंग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग के जरिए गुवाहाटी से कोलकाता तक की अपनी यात्रा का शुभारम्भ किया।

नदी क्रूज परिपथों सहित पर्यटक गंतव्यों एवं उत्पादों का विकास तथा संवर्धन और पर्यटन परियोजनाओं का कार्यान्वयन मुख्यतः सम्बन्धित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय निधियों की उपलब्धता, पूर्व में जारी निधियों के लिए उपयोगिता प्रमाण-पत्रों की प्रस्तुति और योजना के दिशानिर्देशों के अनुपालन की शर्त पर क्रूज टर्मिनलों तथा क्रूज वैलल्स सहित विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं के लिए संगत योजनाओं के तहत राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है। राष्ट्रीय जलमार्गों-**I** तथा **II** पर रिवर क्रूज के चढ़ने/उतरने के विभिन्न स्थानों पर जेट्टियों के विकास हेतु आईडब्ल्यूएआई से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

****